दिन– सोमवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 29 / 06 / 2026

प्रसार भारत
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में की मुलाकात। विकास परियोजनाओं पर हुई चर्चा।

02 पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – निर्धारित समय पर होगा पंचायत चुनाव। आरक्षण का नया रोस्टर भी लागू किया जायेगा।

03. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन।

04. और, पूरे राज्य में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। मौसम विभाग ने मधुबनी और सुपौल समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने केन्द्रीय मंत्री के साथ राज्य में प्रस्तावित विभिन्न राजकीय उच्च पथ योजना, पुल निर्माण समेत विभिन्न परियोजनाओं को लेकर प्रगति की समीक्षा की। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से राज्य में सड़क सम्पर्कता को नई गति मिलेगी। केन्द्रीय मंत्री ने राज्य की सड़क योजनाओं को लेकर मुख्यमंत्री को आशवस्त किया है। इस दौरान पथ निर्माण मंत्री कुमार शैलेन्द्र भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री चौधरी का आज पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात का कार्यक्रम है।

———————————————————

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दो जुलाई को पटना मेट्रो परियोजना के तहत मलाहीपकड़ी स्टेशन तक मेट्रो रेल के परिचालन की घोषणा की है। नई दिल्ली रवाना होने से पहले आज पटना मेट्रो परियोजना की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के साथ ही प्रत्येक चरण के लिए स्पष्ट समय सीमा तय करने के आदेश दिये हैं।

———————————————————

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि राज्य में पंचायत चुनाव अपने निर्धारित समय पर कराया जायेगा। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुये उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव ईवीएम से होगा और आरक्षण का नया रोस्टर भी लागू किया जायेगा।

---साउंड बाईट---

---

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग किसानों की आय बढ़ाने, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। श्री पासवान ने महाराष्ट्र के परभणी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये युवाओं से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को नौकरी मांगने की बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए। श्री पासवान ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक गुणवत्ता के अनुरूप बनाने पर भी जोर दिया।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए कई डिजिटल पहलों का शुभारंभ किया है। केन्द्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में दौरान आरोग्य सेतु के दूसरे चरण, आयुष्मान सारथी चैटबॉट, आयुष्मान ऐप, ई–सुश्रुत क्लिनिक समेत कई डिजिटल पहलों का शुभारम्भ किया। इनका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना, और देश में डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे को लोकप्रिर्य बनाना है। श्री नड्डा ने इन पहलों को सरकार द्वारा हासिल की गई एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि ये कदम स्वस्थ भारत और अधिक डिजिटल रूप से सशक्त राष्ट्र के निर्माण की दिशा में देश की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

---

केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय के गठन के आज पांच पूरे होने पर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा है कि विकसित भारत और समृद्ध बिहार के निर्माण में सहकारिता क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। श्री यादव पटना में सहकारिता सप्ताह समारोह के उद्घाटन और जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई राष्ट्रीय सहकारी नीति के माध्यम से पैक्स एंव जमीनी स्तर की सहकारी संस्थाओं को और अधिक सशक्त बनाया जायेगा।

---साउंड बाईट---

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने आज त्रिभाषा नीति पर दिशानिर्देश जारी किए। बोर्ड ने कहा कि कक्षा दसवीं के वर्तमान बैच को नई भाषा नीति का पालन नहीं करना होगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि कक्षा सातवीं, आठवीं और नौवीं में पढ़ रहे

वर्तमान बैच के छात्रों को भी कक्षा दसवीं में पहुंचने पर तीसरी भाषा में बोर्ड परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी। बोर्ड ने कहा कि कक्षा के अनुरूप संसाधन सामग्री समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जाएगी।

——————————————————————

नीट–यूजी परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में दिल्ली की एक अदालत ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो– सीबीआई जांच के अंतर्गत दस आरोपियों की न्यायिक हिरासत ग्यारह जुलाई तक बढ़ा दी है। आरोपियों को उनकी पिछली न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राउज़ एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया।

——————————————————————

राज्यपाल लेफ्टिलेंट जनरल सेवानिवृत्त सैय्यद अता हसनैन भारत सरकार की ओर से ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के कार्यक्रम में शामिल होंगे। विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा भी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। ईरान की सरकारी मीडिया के अनुसार चार से नौ जुलाई तक स्वर्गीय खामेनेई के जनाजे और उन्हें दफनाने की रस्म की जायेगी।

——————————————————————

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि कम्प्यूटर और इंटरनेट के विस्तार ने लोगों को अपने अधिकारों के प्रति सजग बना दिया है। तेलंगाना के मेडचल में विकसित भारत स्टूडेंट कॉनक्लेव को संबोधित करते हुये श्री नवीन ने कहा कि तकनीक के इस दौर में राजनेताओं को भी जिम्मेदारी के साथ बयान देना चाहिए।

———साउंड बाईट———

——————————————————————

राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के अवसर पर आज देश–प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की क्षेत्रीय इकाई की ओर से पटना के कर्पूरी सदन में आयोजित विशेष कार्यक्रम का उद्‌घाटन उप महानिदेशक रौशन लाल साहू ने किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सांख्यिकी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

——————————————————————

राज्य के अधिकतर भागों में मॉनसून की सक्रियता बढ़ गयी है। इसके प्रभाव से विभिन्न स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य, दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों में अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान मधुबनी,

सुपौल, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, दरभंगा, सारण, गोपालगंज, पश्चिम चम्पारण समेत कई जिलें में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश की आशंका को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

———साउंड बाईट———

इधर, पटना और आस–पास के क्षेत्रों में भी सुबह से बादल छाये हुये है और रूक–रूक कर बारिश हो रही है। इससे लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल के सरायगढ़ भप्टियाही में सबसे अधिक एक सौ छियानवे दशमलव चार मिली मीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी है। हमारे अररिया संवाददाता ने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई स्थानों पर जलजमाव की भीषण स्थिति बन गयी है। साथ ही शहर में बीएसएनएल सेवा भी प्रभावित हुई है। रोहतास जिले में आज दोपहर बाद हुई भारी बारिश के कारण सदर अस्पताल समेत कई प्रमुख कार्यालयों में पानी जमा हो गया है। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

———————————————————————

इधर, मुंगेर जिले के टेटिया बम्बर प्रखंड अन्तर्गत धौरी गांव में बारिश के दौरान वज्रपात की घटना में एक किशोरी की मौत हो गयी।

———————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार जम्मू–कश्मीर के दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने राज्य के प्रमुख ऐतिहासिक और पर्यटन स्थलों का भ्रमण किया। विधानसभा अध्यक्ष श्रीनगर के ऐतिहासिक लाल चौक भी गये। उन्होंने कहा कि कश्मीर की प्राकृति सुंदरता, शांत वातावारण और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत सभी को आकर्षित और प्रभावित करती है।

———————————————————————

केन्द्रीय चयन पर्षद की कल सम्पन्न सिपाही भर्ती परीक्षा के दौरान कदाचार के आरोप में मुंगेर पुलिस ने सॉल्वर गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नौंवागढ़ी उच्च विद्यालय परीक्षा केन्द्र में छापेमारी के दौरान यह सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पकड़े गये आरोपित राहुल से पूछताछ की जा रही है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के सिंघौल थाना क्षेत्र अन्तर्गत अंग्रेजी ढाला के पास राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या इकतीस पर दो चार पहिया वाहनों के आमने–सामने टक्कर में चार लोगों की मौत हो गयी। वहीं, पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये हैं। इन सभी का

निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात व्यवस्था सुचारू करा दी है।

—————————————————————————

शिवहर जिले के तरियानी छपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत छपरा–सिरहा टोला में सिलेंडर विस्फोट की घटना में चार लोग गम्भीर रूप से झुलस गये। विस्फोट से लगी आग ने आस–पास के कई घरों को अपनी चपेट में ले लिया। इधर, पटना के दीदारगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत करमली चक स्थित एक वेयर हाउस में आज सुबह अगलगी की घटना में पचास लाख रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

—————————————————————————

किशनगंज के बहादुरगंज में पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ हेरोईन की तस्करी में शामिल गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लगभग तीन करोड़ रूपये मूल्य की हेरोईन बरामद की गयी है।

—————————————————————————

शेखपुरा जिले के नगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत कारे गांव में कल हुई एक युवक की हत्या के मामले में दो नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

सीवान के कचहरी दुर्गा मंत्री में चोरी के मामले में पुलिस ने एक महिला समेत दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के पास से चोरी किया गया हार बरामद कर लिया गया है।

—————————————————————————

कटिहार जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अन्तर्गत शरीफगंज में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में देसी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

—————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नई दिल्ली में की मुलाकात। विकास परियोजनाओं पर हुई चर्चा।

02 पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा – निर्धारित समय पर होगा पंचायत चुनाव। आरक्षण का नया रोस्टर भी लागू किया जायेगा।

03. ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करेंगे राज्यपाल सैय्यद अता हसनैन।

04. और, पूरे राज्य में दक्षिण—पश्चिम मॉनसून की सक्रियता बढ़ी। मौसम विभाग ने मधुबनी और सुपौल समेत कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।